[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 25 फरवरी 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 169, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

{अनमोल वचन}

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी, छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

- तुलसीदास

ानी दिवस .... 03

04 ईडी ने 11

## खबर संक्षेप


### सीधी भर्ती पटवारी परीक्षा के दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि आज

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा 2025 में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि आज है। चयनित 30 अभ्यर्थियों को सलूंबर जिला आवंटित किया गया है। जिला कलक्टर अवधेश मीणा द्वारा जारी आदेशानुसार चयनित अभ्यर्थियों को पटवारी पद पर दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु के रूप में अस्थायी नियुक्ति प्रदान की गई है। अभ्यर्थियों को समस्त मूल दस्तावेजों सहित जिला कलक्टर कार्यालय, भू-अभिलेख अनुभाग कक्ष संख्या 204 में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य है। निदेशानुसार अभ्यर्थियों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मूल स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नवीनतम चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। प्रशिक्षण सत्र की अवधि छह माह निर्धारित की गई है तथा विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। परिवीक्षा अवधि में नियमानुसार निर्धारित पारिश्रमिक देय होगा। प्रशिक्षण उपरांत विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने और दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि संतोषजनक पूर्ण करने पर सेवाओं के नियमितीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। पूर्व से राजकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को कार्यमुक्ति अथवा त्यागपत्र स्वीकृति आदेश, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों का नियुक्ति आदेश निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से समय पर उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज सत्यापन कराने की अपील की है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी तेज

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शीर्ष तीन में स्थान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम ने निगरानी अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को निगम की टीम फील्ड में उतरी और सभी वार्ड प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, निर्धारित वर्दी, मुख्य मार्गों पर कचरा पात्रों की स्थिति, घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था, कचरा डिपो की साफ-सफाई, अवैध बैनर-पोस्टर, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट तथा सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति की जांच की गई। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है और तकनीक, प्रभावी निगरानी तथा जनभागीदारी के माध्यम से लक्ष्य हासिल किया जाएगा। सभी जोन उपायुक्तों को भी नियमित फील्ड निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने 150 वार्डों के लिए 150 अधिकारियों को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया है, जो प्रत्येक मंगलवार प्रातः निरीक्षण कर निर्धारित मानकों के अनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। आमजन से भी फीडबैक लिया गया और गंदगी फैलाने पर समझाइश के साथ आवश्यक कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनहित और राष्ट्रहित से जुड़े समाचारों के प्रसारण पर बल



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर उसे सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मीडिया नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित करता है, इसी कारण इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। उन्होंने पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समाचारों का प्रसारण और प्रकाशन ऐसा होना चाहिए जो जनहित और राष्ट्रहित से जुड़ा हो।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर सीएम ने की अधिकारियों संग बैठक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अजमेर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। श्री शर्मा ने सभा स्थल कायड़ विश्राम स्थली का अवलोकन किया और उच्च अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने आयोजन स्थल पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि यातायात सुचारू रहने के साथ पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी इस मौके पर राजस्थान को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास की सौगातें देंगे। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन की लॉन्चिंग भी की जाएगी। साथ ही, बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चैधरी, जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खाटूश्यामजी मेले में संवेदनशील पुलिसिंग की मिसाल, दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** सीकर जिले के विश्वप्रसिद्ध खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले में उमड़ रही विशाल भीड़ के बीच राजस्थान पुलिस ने आस्था के साथ संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मेले में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी श्रद्धालु, विशेषकर दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक, अपने आराध्य के दर्शन से वंचित न रहें। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों के अनुरूप दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पार्किंग स्थल पर पहुंचने वाले दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है, जो उन्हें सीधे दर्शन केंद्र तक पहुंचाता है। वहां व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर पुलिसकर्मी स्वयं सम्मानपूर्वक और सुरक्षित तरीके से दर्शन करवाने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाटूश्यामजी धाम आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु पुलिस के लिए परिवार के सदस्य समान है। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं की सेवा को पुलिस अपना दायित्व और सम्मान मानती है। मेले की व्यापकता को देखते हुए पुलिस बल को संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, ताकि व्यवस्था के साथ आत्मीयता भी बनी रहे।

मेले क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन सहज रूप से मिल सके। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर श्रद्धालु निकटतम सहायता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं, जहां पुलिसकर्मी तत्काल सहायता प्रदान कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हेल्पलाइन 112, सहायता नंबर 9667600788 तथा एम्बुलेंस सेवा 108 निरंतर सक्रिय रखी गई है।

फाल्गुनी लक्खी मेले में जहां एक ओर श्रद्धा और भक्ति की अनुगूंज है, वहीं दूसरी ओर पुलिस की सेवा भावना श्रद्धालुओं के मन में विश्वास को सुदृढ़ कर रही है। भीड़ के बीच दिव्यांग श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराना प्रशासन की संवेदनशीलता और सुशासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है।

## ग्रामवासियों के सहयोग से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अमराजी का गुड़ा में सुविधाओं का विस्तार






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पंचायत समिति बड़गांव क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अमराजी का गुड़ा में ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ के सहयोग से विद्यालय विकास की सराहनीय पहल की गई है। जनसहयोग से विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। प्रधानाध्यापक निशार खान गौरी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग और सामग्री के माध्यम से विद्यालय में विद्युत संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सहयोग के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बेल, वाटर कूलर तथा पंखों की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त विद्यालय भवन की छत की मरम्मत के लिए भी ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। इस सहयोग से विद्यालय के भौतिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा तथा गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को कक्षाओं में बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। इस जनसहयोग में गांव के कई भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शंकरलाल सियाल, सुरेश सियाल, भेरूलाल नाहर, देवी लाल नाहर, विनोद सियाल, अशोक मेहता, रतनलाल सियाल, जगदीश सुथार, शांतिलाल नाहर, रतनलाल सियाल, मिलन सियाल, निहाल सियाल सहित अन्य ग्रामवासियों ने अपनी-अपनी क्षमता अनुसार सहयोग प्रदान किया।

समस्त विद्यालय स्टाफ ने भी छत मरम्मत के लिए सामूहिक रूप से आर्थिक सहयोग दिया। प्रधानाध्यापक ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासियों का यह योगदान विद्यालय के प्रति उनके लगाव और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक है।

पुलिस थाना अम्बामाता की बड़ी कार्यवाही

## दिनदहाड़े हुई एक लाख रुपये की लूट का 24 घंटे में खुलासा, हिस्ट्रीशीटर सहित 03 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में दिनदहाड़े हुई एक लाख रुपये की गंभीर लूट की वारदात का पुलिस थाना अम्बामाता ने मात्र 24 घंटे में खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व धारदार चाकू भी बरामद किए गए हैं। प्रकरण में प्रार्थी ने रिपोर्ट दी थी कि तीन युवक पल्सर मोटरसाइकिल से उसका पीछा कर उसे जबरन रोककर फतहपुरा क्षेत्र की ओर ले गए। वहां चाकू दिखाकर उसे डराया-धमकाया और सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके मोबाइल से जबरन 99,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी अम्बामाता दलपत सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, निगरानी और सतत दबिश के माध्यम से मात्र एक दिन में आरोपियों की पहचान कर उन्हें डिटेन किया। पूछताछ में आरोपियों ने चलती बाइक से प्रार्थी को रोककर चाकू की नोक पर लूट करना स्वीकार किया। घटना के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी मोबाइल फोन का उपयोग नहीं कर रहे थे तथा लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। गहन पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर अग्रिम अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपी एक ही पंक्ति में: विजेश उर्फ गोलू पुत्र कालूलाल निवासी मीरा नगर थाना सुखेर जिला उदयपुर, जय सिंह पुत्र सुमेर सिंह निवासी प्रज्ञा विहार शोभागपुरा थाना सुखेर जिला उदयपुर तथा गौरव उर्फ गोरू पुत्र भगवतीलाल निवासी बड़गांव हाल तितरड़ी थाना सवीना जिला उदयपुर। विजेश उर्फ गोलू थाना सुखेर का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, अपहरण व आर्म्स एक्ट सहित 21 प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश हो चुके हैं। गौरव उर्फ गोरू के विरुद्ध भी हत्या के प्रयास, लूट व झगड़े के 4 प्रकरण दर्ज हैं। जय सिंह प्रारंभिक पूछताछ में एमडी नशे की लत के कारण वारदात में शामिल होना स्वीकार कर चुका है।

## बालोतरा पुलिस की अभिनव पहल, अपना गांव अपनी जिम्मेदारी अभियान की शुरूआत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बालोतरा।** सामाजिक सहभागिता को सुदृढ़ करने और ग्राम स्तर पर प्रभावी जनसंवाद स्थापित करने के उद्देश्य से बालोतरा पुलिस ने अपना गांव अपनी जिम्मेदारी अभियान का शुभारंभ 24 फरवरी 2026 को किटनोद गांव से किया। अभियान के तहत नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों की पालना, नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से बीट अधिकारी स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी गांव-गांव जाकर आमजन, युवाओं और विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में थानाधिकारी जसोल शारदा विश्नोई ने नवीन आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि नए कानून न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही राजकॉप सिटीजन ऐप की जानकारी भी दी गई। यातायात शाखा प्रभारी लूणाराम ने सड़क सुरक्षा नियमों की पालना, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, नाबालिग वाहन संचालन पर प्रतिबंध और नशे की हालत में वाहन न चलाने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी।

साइबर सेल की ओर से मिश्रेखा ने ऑनलाइन ठगी, ओटीपी और लिंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूक किया। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत संपर्क करने की अपील की गई। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी, जबकि स्वरूप खान एंड पार्टी ने प्रेरणादायी गीत और नाटक के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान पुलिस और समाज के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में सशक्त पहल है। उन्होंने नागरिकों से अपने गांव को नशामुक्त, सुरक्षित और जागरूक बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों और विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में उपस्थितजनों को नशे से दूर रहने और अपने गांव की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। बालोतरा पुलिस द्वारा यह अभियान चरणबद्ध रूप से जिले के अन्य गांवों में भी संचालित किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि नशामुक्त और सुरक्षित समाज निर्माण में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## लैक्रोज को राज्य खेल में शामिल करने की दिशा में पहल, खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**जयपुर।** लैक्रोज खेल को प्रोत्साहन देने और इसे राज्य खेल में सम्मिलित करने की दिशा में पहल तेज हो गई है। लोकभवन में लैक्रोज खिलाड़ियों ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कर खेल प्रोत्साहन हेतु विवेकाधीन कोटे से प्रदान की गई वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को लैक्रोज को राज्य खेल में शामिल करने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जनजातीय विभाग के अंतर्गत इस खेल के लिए विशेष प्रावधान किए जाने के भी संकेत दिए। खिलाड़ियों ने राज्यपाल को राष्ट्रीय स्तर पर लैक्रोज में राजस्थान की उपलब्धियों और भारत के प्रदर्शन की जानकारी दी। इस पर राज्यपाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अभी से ओलंपिक 2028 को लक्ष्य बनाकर तैयारी करें और देश के लिए पदक जीतने का संकल्प लें। उन्होंने अप्रैल में चीन में प्रस्तावित प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ शिक्षा को भी प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, चपलता और एकाग्रता से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा, राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, खेल संघ अध्यक्ष अशोक परनामी तथा प्रज्ञा केवलरमानी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने राजस्थान टीम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित करने की उपलब्धि की भी सराहना की।



# युवराज सिंह की बायोपिक करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

अपनी आगामी फिल्म ' दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हाँ, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, 'मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी ज़रूर जाननी चाहिए।'

बतौर अभिनेता अपने हर किरदार में गहराई और सच्चाई दिखानेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी की इस बात को सुनकर उनके दर्शक सहज ही कल्पना कर सकते हैं कि जब वे उनके क्रिकेट आइडल की भूमिका निभाएंगे तो वह कितना शानदार होगा। यही वजह है कि अब सिद्धांत के साथ उनके फैंस भी ये मैनिफेस्ट कर रहे हैं कि सिद्धांत जल्द से जल्द युवराज सिंह की भूमिका में नज़र आएं क्योंकि युवराज सिंह की भूमिका वही कलाकार निभा सकता है, जिसमें स्टार प्रेज़ेंस के साथ-साथ भावनात्मक संवेदनशीलता भी हो और इस कसौटी पर सिद्धांत पूरी तरह खरे उतरते हैं। वैसे बायोपिक की बात करें तो सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर 'वी. शांताराम' का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नज़र आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं। फिलहाल अपने करियर में वास्तविक जीवन से जुड़ी, विरासत-प्रधान कहानियों के प्रति अपने जुड़ाव को सिद्धांत जिस खूबसूरती से मजबूत करते जा रहे हैं, इससे ये विश्वास और पक्का हो जाता है कि अगर कभी युवराज सिंह की बायोपिक बनी, तो उसके लिए सिद्धांत चतुर्वेदी एकदम परफेक्ट कलाकार होंगे।



# राजकुमार राव के समर्थन में उतरीं पत्नी पत्रलेखा; आलोचकों को दिया जवाब

हाल ही में अभिनेता राजकुमार राव को उनके बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल किया गया था। लोगों ने उन्हें बूढ़ा तक कह डाला था। इसके बाद बीते दिन राजकुमार राव ने आलोचकों को जवाब देते हुए वजन बढ़ाने का कारण भी बताया था। अब अभिनेता की पत्नी व एक्ट्रेस पत्रलेखा ने राजकुमार राव का सपोर्ट किया है। साथ ही उन्होंने ट्रोलर्स पर भी निशाना साधा है।

पत्रलेखा ने राजकुमार राव की एक पोस्ट को अपनी स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेता का सपोर्ट किया है। राजकुमार राव पर गर्व जताते हुए पत्रलेखा ने स्टोरी पर अपने नोट में लिखा, 'आप पर बहुत गर्व है। आप हर फिल्म प्रोजेक्ट के लिए अपना सब कुछ देते हैं। दुनिया उस प्रोसेस और मेहनत को नहीं देखती, जो एक एक्टर के किरदार को बनाने में लगाता है। आखिरी नतीजा हमेशा आसान दिखता है। नजर आने वाले सारे फेम और ग्लैमर के पीछे, एक एक्टर की जिंदगी खून, पसीने, आंसुओं और पर्सनल लाइफ के त्याग से भरी होती है।'

## 'निकम' फिल्म के लिए राजकुमार ने बढ़ाया वजन

हाल ही में राजकुमार राव एक इवेंट में शामिल हुए थे। जहां उनके बदले हुए लुक को देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था और बूढ़ा बता दिया था। इसके बाद राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'निकम' के लिए 9-10 किलो वजन बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की। एक्टर ने पोस्ट में ये भी बताया था कि उन्हें प्रोस्थेटिक मेकप पसंद नहीं है, इसलिए जहां तक संभव होता है वो अपने शरीर पर मेहनत करते हैं। पोस्ट में राजकुमार राव ने अपनी उन पिछली फिल्मों का भी जिक्र किया, जिनके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया।

## नेटफ्लिक्स की फिल्म में नजर आएंगे राजकुमार राव



वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'मालिक' में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों में नेटफ्लिक्स की फिल्म 'टोस्टर' शामिल है। इसमें उनके साथ सान्या मल्होत्रा और अभिषेक बनर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में दो बायोपिक 'निकम' और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक भी शामिल हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री?



फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया। प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया।

# अब लेखिका बनीं अभिनेत्री आयशा शर्मा



अभिनेत्री आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे-धीरे अपनी एक अलग आवाज बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैं—एक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे-छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म-प्रेम के इर्द-गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म-संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। आयशा शर्मा के लिए लेखन उनकी डिजिटल मौजूदगी का स्वाभाविक विस्तार है, जहाँ आत्म-विकास, भावनात्मक संतुलन और अंदरूनी सफर जैसे विषय पहले से ही उनके दर्शकों से गहराई से जुड़ते हैं। यह नया अध्याय उनकी उस कोशिश को दर्शाता है जिसमें वह अभिनय, डिजिटल कहानी कहने और अब लेखन—तीनों के बीच सहजता से सफर करती हुई एक मुकम्मल क्रिएटिव पहचान गढ़ रही हैं।

मध्यप्रदेश पुलिस की लूट, चोरी एवं ठगी के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई

# 1 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक की संपत्ति बरामद





**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संगठित अपराध, आर्थिक ठगी, नकबजनी एवं लूट की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कार्यवाही के दौरान पुलिस ने विगत 05 दिनों के दौरान विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए कुल 1 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक की संपत्ति बरामद की है।

## राजगढ़ : ऑपरेशन किसान रक्षक

थाना नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा भूमि विक्रय के नाम पर किसानों से की गई 39 लाख की धोखाधड़ी का सफल खुलासा करते हुए 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा संपूर्ण 39 लाख रूपए की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की गई। यह प्रभावी कार्रवाई राजगढ़ पुलिस द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत की गई। पुलिस की विशेष टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन, दस्तावेज साक्ष्य एवं तकनीकी पहलुओं का गहन परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने भूमि पूर्व में विक्रय होने के बावजूद फरियादी को गुमराह कर 25 लाख RTGS एवं 14 लाख नगद प्राप्त किए। त्वरित दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर किसान की संपूर्ण मेहनत की कमाई वापस दिलाई गई।

## उज्जैन

थाना बड़नगर पुलिस ने 10 लाख 45 हजार रूपए के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी के प्रकरण का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में नानाखेड़ा पुलिस ने सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने 100 से अधिकफुटेज व साइबर विश्लेषण की मदद से 2 शातिर आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर 5 लाख रूपए की संपत्ति जब्त की है।

## जबलपुर

अवैध रूप से ट्रक एवं कार को काटकर स्क्रैप के रूप में विक्रय करने वाले संगठित अवैध कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने लगभग 50 लाख मूल्य के ट्रक, कार, कटे हुए स्क्रैप पार्ट्स, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य उपकरण जप्त किए।

## खरगोन

जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध दो अलग-अलग कार्यवाहियाँ की गईं। एक निजी कंपनी के गोदाम से 37 नग बैटरियों की चोरी का खुलासा करते हुए 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 लाख 50 हजार रूपए की बैटरियां एवं घटना में प्रयुक्त 6 लाख रूपए की कार सहित कुल 12 लाख 50 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की।

# रास्ता भटकी दो बालिकाओं को जवानों ने परिजनों से मिलाया

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** डायल-112 केवल आपात स्थितियों में सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों, महिलाओं और नागरिकों की सुरक्षा में मानवीय संवेदनशीलता का भरोसेमंद सहारा है। इंदौर जिले में डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से रास्ता भटकी दो मासूम बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाकर जन-सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दिनांक 24 फरवरी को इंदौर के थाना एरोड्रम क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल वेयर हाउस के सामने दो बालिकाएँ मिलने की सूचना डायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना में बताया गया कि दोनों बालिकाएँ घर का रास्ता भटक गई हैं तथा पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही थाना एरोड्रम क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ सउनि श्री कैलाश मेडा, आरक्षक श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं पायलट श्री अजय प्रजापति ने दोनों बालिकाओं को अपने संरक्षण में लिया। बालिकाएँ स्कूल की यूनिफॉर्म में थीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वे विद्यालय जाने की तैयारी में थीं। डायल-112 जवानों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए संबंधित स्कूल से संपर्क किया, जहाँ से बालिकाओं के परिजनों की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही परिजन चौकी पहुँचे, जहाँ पहचान एवं सत्यापन उपरांत दोनों बालिकाओं को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# डीजीपी ने 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग (खेल) चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** इंदौर स्थित बीएसएफ के केंद्रीय आयुध एव युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्लूटी) द्वारा आयोजित 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग (खेल) चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन आज 24 फरवरी को इंदौर की रेवती रेंज में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा किया गया। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बीएसएफ एवं सीएसडब्ल्यूटी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतिस्पर्धाएँ बलों के बीच स्वस्थ खेल भावना, अनुशासन, एकाग्रता एवं पेशेवर दक्षता को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा खेल संस्कृति को पुलिसिंग के समग्र विकास का अभिन्न अंग बताया। उद्घाटन समारोह में बीएसएफ ब्रास बैंड द्वारा प्रस्तुत लयबद्ध संगीत के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं विभिन्न राज्य पुलिस टीमों द्वारा आकर्षक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएफ के वरिष्ठ



अधिकारी, 1,500 से अधिक बल एवं पुलिसकर्मी, उनके परिजन तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता 24 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर की सीएपीएफ, राज्य पुलिस एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 600 से अधिक पुरुष एवं महिला निशानेबाज भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पर्यवेक्षण तथा भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है। चैंपियनशिप में खेल हथियारों की कुल 17 स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्रतिभागी 204 पदकों (68 स्वर्ण, 68 रजत एवं 68 कांस्य) के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह आयोजन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की





प्रतियोगिताओं हेतु उभरती प्रतिभाओं की पहचान का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें वेदांश इंटरनेशनल स्कूल कैंपस 2 के बच्चों द्वारा नृत्य एवं बीएसएफ जवानों द्वारा भांगड़ा का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा द्वारा पुराने और आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें बीएसएफ के प्रशिक्षण कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

# सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का दोहराया संकल्प





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अजमेर/जयपुर।** तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सहभागिता करते हुए बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण करते हुए कहा कि तीर्थराज पुष्कर में इस प्रकार का आध्यात्मिक आयोजन सनातन संस्कृति की ज्योति को प्रज्वलित करने का कार्य कर रहा है और विशेष रूप से युवाओं के मन में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों की गहरी समझ विकसित कर रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक गौरव का सुदृढ़ीकरण होता है।

उन्होंने पुष्कर की भौगोलिक एवं आध्यात्मिक विशिष्टता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी केवल आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि अद्वितीय प्राकृतिक संरचना का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पुष्कर, गिरिराज जी, खाटूश्याम जी और बालाजी सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इससे श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक एवं व्यवस्थित तीर्थाटन का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चैधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस थाना डबोक की बड़ी कार्यवाही

## 288 ग्राम ब्राउन शुगर व मोटरसाइकिल जब्त, 02 आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस थाना डबोक ने कार्रवाई करते हुए 288 ग्राम ब्राउन शुगर




सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी वृत्त मावली छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी डबोक गोपालनाथ के नेतृत्व में टीम द्वारा नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके कब्जे से 288 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई।

मौके पर ब्राउन शुगर व मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में प्रकरण संख्या 47/2026 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी एक ही पंक्ति में: मुकेश पुत्र खेमराज निवासी नांदेवल थाना डबोक जिला उदयपुर तथा राकेश पुत्र मांगीलाल निवासी जवानजी का खेड़ा मावली जिला उदयपुर।

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना डबोक द्वारा नए वर्ष में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर लगातार सात कार्रवाई करते हुए सात प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी गोपालनाथ, हेड कांस्टेबल अर्जुन सिंह तथा कांस्टेबल विकास, नितेश और निखिल शामिल थे।

### पुलिस थाना खेरवाड़ा की बड़ी कार्यवाही

## अवैध गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस थाना खेरवाड़ा ने कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा




बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी वृत ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी खेरवाड़ा करनाराम के नेतृत्व में टीम द्वारा लकोड़ा पावर हाउस के पास नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 189.42 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। मौके पर गांजा जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है तथा अग्रिम अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपी एक ही पंक्ति में: शांतिलाल पुत्र रमुलाल निवासी बायड़ी फला निचला थाना खेरवाड़ा जिला उदयपुर। इस कार्रवाई में थानाधिकारी करनाराम, सहायक उप निरीक्षक ताराचंद, हेड कांस्टेबल सुशीला तथा कांस्टेबल कृष्ण, सुरेश, लोकेश, दिलीप, अंशुल और महिला कांस्टेबल टीना शामिल थे।

## राज्यपाल से बिहार के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री संजय कुमार सिंह ने मुलाकात की

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को लोकभवन में



बिहार के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री संजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

---

**पुलिस थाना गोगुन्दा व डीएसटी की बड़ी कार्यवाही : अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश**

# 01 युवती सहित 12 गिरफ्तार, 04 लैपटॉप, 14 मोबाइल व 02 वाहन जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में तकनीकी संसाधनों का दुरुपयोग कर विदेशी नागरिकों से ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस थाना गोगुन्दा व जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पदार्फाश किया है। कार्रवाई में एक युवती सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर 04 लैपटॉप, 14 मोबाइल फोन, 02 वाहन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी गोगुन्दा श्याम सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन किया गया था। टीम को सूचना मिली कि न्यू मेवाड़ काठियावाड़ी होटल, कुमावतों का गुड़ा थाना गोगुन्दा में सनसेट एडवेंचर नामक कंपनी के नाम पर 10-12 व्यक्ति मिलकर अमेरिकी नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर उन्हें इंटरनेट कॉल व मैसेज के माध्यम से ठगी कर रहे हैं।

सूचना के आधार पर टीम ने रात्रि में होटल पर दबिश दी। जांच में सामने आया कि आरोपी स्वयं को




एप्पल कंपनी का कर्मचारी बताकर अमेरिकन नागरिकों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनके प्रोडक्ट्स पर अतिरिक्त चार्ज लग गया है और उसे रिफंड कराने के नाम पर डॉलर में राशि प्राप्त करते थे। सभी आरोपी कुें नामक एप पर एक टीएफएन नंबर के माध्यम से विदेशी नागरिकों से संपर्क करते थे।

मौके से मुख्य सरगना शाहरूख मोहम्मद शेख सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 04 लैपटॉप, 14 मोबाइल, 02 वाहन व अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश जारी है।

गिरफ्तार आरोपी एक ही पंक्ति में: शाहरूख मोहम्मद शेख पुत्र मोहम्मद शरीफ मंशुरी निवासी जमालपुर अहमदाबाद गुजरात, चेतन सिंह सिकरवार पुत्र हरिसिंह निवासी अमरई बाड़ी अहमदाबाद गुजरात, करण कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी शिव शक्ति नगर सांचोर जिला जालोर, मिलन पुत्र विपिन जोशी निवासी मालवाड़ा थाना चितलवाना जिला जालोर, प्रवीण कुमार पुत्र तुलछाराम निवासी सांचोर जिला जालोर हाल उदयपुर, आलोक अचुमि पुत्र अतोबी निवासी दीमापुर नागालैंड, जुसवा अलेक्जेंडर पुत्र जेलिडा ढाकर निवासी पश्चिम जयन्तिया हिल्स मेघालय, दीपक थापा पुत्र सुनिल कुमार निवासी शिलांग मेघालय, रोमियों स्टेन पुत्र अलबिलिंग सदाप निवासी करबी आंगलोंग असम, शेमलाद रोगरिन पुत्र रेलिना रोगरिन निवासी शिलांग मेघालय, अनुशा पुत्री हरिनारायण डींगडोग निवासी पूर्वी खासी हिल्स मेघालय तथा सुरेश पुत्र सिबु बसल नेपाली निवासी पूर्वी खासी हिल्स मेघालय।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी श्याम सिंह, उप निरीक्षक हितेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक भरत सिंह, हेड कांस्टेबल हितेन्द्र सिंह, भवरलाल तथा कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, नारायण सिंह, विरेन्द्र सिंह, सतीश कुमार, सत्यनारायण, आकाश, लक्ष्मी, सिंगरी, चालक कांस्टेबल मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह डीएसटी प्रभारी एवं डीएसटी टीम के सदस्य शक्ति सिंह, कमलेश, सुमित यादव, वीरेन्द्र साहू और कृष्ण कुमार शामिल थे।

---

## बीटीयू के तीन विद्यार्थियों का 7 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन, सिरेमिक विभाग में शत-प्रतिशत नियोजन




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बीकानेर।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के सिरेमिक अभियांत्रिकी विभाग के तीन विद्यार्थियों आकांक्षा शर्मा, चन्दन कुमार और मोनू सैनी का चयन 7 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज पर अवाडा ग्रुप द्वारा किया गया है। यह कंपनी देश की अग्रणी समेकित नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में शामिल है।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस वर्ष सिरेमिक विभाग में शत-प्रतिशत नियोजन दर्ज किया गया है, जो विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। औसत वेतन पैकेज में भी वृद्धि हुई है तथा कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने विश्वविद्यालय को अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल किया है।

कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच सुदृढ़ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को श्रेष्ठ अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राचार्य डॉ. परबंत सिंह संधू ने इसे गुणवत्ता शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम बताया।

प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. अलका स्वामी ने बताया कि इससे पूर्व भी विभिन्न कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों का चयन 4.2 से 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर किया जा चुका है। चयन प्रक्रिया में तकनीकी साक्षात्कार और व्यक्तित्व मूल्यांकन के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए भविष्य में और अधिक उद्योगों के सहयोग की उम्मीद जताई है।

---

## पुलिस थाना प्रतापनगर की बड़ी कार्यवाही: 34 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब व कार जब्त, चालक गिरफ्तार



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना प्रतापनगर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 34 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब सहित एक कार जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी वृत नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रतापनगर पूरण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम द्वारा आसूचना के आधार पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक ईको कार रजिस्ट्रेशन नम्बर आरजे 03 सीबी 8165 को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 34 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। साथ ही वाहन में रखी गुजरात रजिस्ट्रेशन नम्बर की अन्य नम्बर प्लेटें भी जब्त की गईं। मौके पर चालक से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में प्रकरण संख्या 131/2026 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम एवं धारा 345 (3) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी एक ही पंक्ति में: प्रकाश पुत्र गमेरलाल निवासी ढावा, वल्लभनगर जिला उदयपुर। इस कार्रवाई में थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित, सहायक उप निरीक्षक देवीलाल, सुरजमल तथा कांस्टेबल कृष्ण कुमार विशेष भूमिका, राजुराम, कुलदीप सिंह और चालक कांस्टेबल महावीर सिंह शामिल थे।

---

## बाल विवाह नहीं कर सामुहिक विवाह को प्रोत्साहित करें : लूम्बाराम

**सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना**






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि सांसद लूम्बाराम चौधरी, उप खण्ड अधिकारी मोहित कांसनिया, तहसीलदार भीखदान चारण, विकास अधिकारी राजकुमार, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, सारद संस्थान की सुनिता शर्मा, भाजपा जिला मंत्री महेन्द्र सोलंकी, भरतसिंह भोजाणी के आतिथ्य में किया गया । कार्यक्रम का आयोजन जिस्ट राइट चिल्ड्रन एवं सार्ड संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लूम्बाराम चौधरी ने कहा कि बाल विवाह नहीं कर सामुहिक विवाह को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। यह न केवल बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जन-जागरूकता अभियानों से निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और हम इस कुरीति को जड़ से समाप्त करने में सफल होंगे। उप खण्ड अधिकारी मोहित कांसनिया ने कहा कि बाल विवाह प्रत्येक समाज में होने पर प्रशासन को सूचित करें। तहसीलदार भीखदान चारण ने बाल विवाह रोकने की अपील की। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने कहा कि बाल विवाह के परिणामों को देखते हुए सभी लोग इसमें सहयोग नहीं करें तथा प्रशासन को इसकी सूचना देवें। इस अवसर पर सांसद ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष सावलाराम देवासी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, निवर्तमान प्रधान पति भरतकुमार, भरतसिंह भोजाणी, महेंद्र सोलंकी, किशोर सांखला, सरद संस्था की सेक्रेटरी सुनीता शर्मा, विकास अधिकारी राजकुमार, महिला एवं बाल विकास अधिकारी लता आचार्य, ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि भानाराम बोहरा, ग्राम विकास अधिकारी पूनमाराम, रघुवीरसिंह, पूरनसिंह, रणवीरसिंह सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

---

## महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 275 .68 करोड़ की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार, क्षेत्र में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकास योजना की क्रियान्विति के लिए 275.68 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में जानकारी देते हुए बताया कि 3 फरवरी 2026 को समीक्षा समिति द्वारा रिपोर्ट के अनुसार कार्य करवाने का अनुमोदन कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नए पर्यटन सर्किट के विकसित होने से स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। परियोजना से स्थानीय श्रमिकों, गाइडों, होटल



संचालकों, हस्तशिल्प व्यवसायियों, होमस्टे संचालकों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। बजट वर्ष 2024-25 में महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुम्भलगढ़, दिवेर और उदयपुर सहित ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ते हुए 100 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की गई थी। परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है।

परिसंपत्तियों के रखरखाव और संचालन के लिए स्थानीय निकायों से परामर्श कर प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला पर्यटन विकास समिति द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जाएगा। वर्तमान में वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है और स्वीकृति के पश्चात विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

---

## एक दिवसीय रोजगार शिविर में का आयोजन

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय डूंगरपुर के सयुक्त तत्वाधान में आज 24 फरवरी 2026 को प्रातः 10.00 बजे से शाम 3.00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डूंगरपुर में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी अमित शर्मा द्वारा बताया गया कि उक्त शिविर में लगभग 610 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया एवं उनको निजी क्षेत्र की 10 से अधिक नियोजकों द्वारा मौके पर साक्षात्कार के उपरान्त लगभग 114 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। उक्त शिविर में जिला उद्योग केन्द्र, आरएसएलडीसी एवं आईटीआई आदि विभागों द्वारा बेरोजगार आशार्थियों को स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के लिये संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं इत्यादी की जानकारी से लाभान्वित किया गया। शिविर में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

---

## धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा चेटीचंड महोत्सव 2026



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल साई के पावन जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव 2026 को श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इस संबंध में पूज्य सिंधी पंचायत हिरणमगरी सेक्टर 3 से 8 की बैठक झूलेलाल भवन सेक्टर 4 में आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

पंचायत अध्यक्ष मुरली राजानी ने बताया कि 20 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे विशेष पूजा-अर्चना, बहराणा साहब स्थापना और महाआरती होगी। इसके बाद 9.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो हिरणमगरी के विभिन्न सेक्टरों से होकर गुजरेगी। मार्ग में स्वागत द्वार, सेवा स्टॉल तथा पुष्पवर्षा के साथ श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया जाएगा।

22 मार्च 2026 को प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं विशाल लंगर प्रसादी का आयोजन होगा। झूलेलाल युवा संघ के सहयोग से शोभायात्रा में अनुशासन, पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक झांकियों का विशेष आकर्षण रहेगा।

बैठक में समाज की एकता, युवा व महिला सहभागिता तथा परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया गया। पदाधिकारियों ने महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

---

## आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद अंतरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने महिला एवं पुरुष वार्ड में भर्ती रोगियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों को समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचकर्म, अग्निकर्म, प्रसूता एवं स्त्री रोग तथा सामान्य आयुर्वेद चिकित्सा से संबंधित व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। शिविर प्रभारी डॉ. कमलकांत शर्मा ने बताया कि तीसरे दिन भर्ती 92 रोगियों में से 54 मरीजों का क्षार सूत्र पद्धति से सफल शल्य उपचार किया गया। पंचकर्म से 26, अग्निकर्म एवं विद्ध कर्म से 45 रोगियों का उपचार किया गया। स्त्री रोग विभाग में 42 महिलाओं की जांच की गई तथा सामान्य आयुर्वेद चिकित्सा के अंतर्गत 198 रोगियों को परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने शिविर को जनसेवा की प्रभावी पहल बताते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की।

# अमृता हाट मेले का समापन, मेले में हुई 29 लाख से अधिक की बिक्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में आयोजित अमृता हाट मेले का भव्य एवं गरिमामय समापन जिला प्रमुख ममता कुंवर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत उपरना, पगडी एवं मोमेन्टो प्रदान कर उपनिदेशक महिला अधिकारिता संजय जोशी द्वारा किया गया।






स्वागत संबोधन में संजय जोशी ने मेले में आयोजित किये गये समस्त कार्यक्रमों को जानकारी दी। जिला प्रमुख ममता कुंवर ने कहा कि अमृता हाट मेला महिला स्वंय सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मेले में जिले की विभिन्न महिला समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, हेंडलूम, खाद्य उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय किया गया। जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित भी किया गया। उपस्थित महिलाओं एवं आमजन ने मेले की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के लिए प्रेरणादायी मंच बताया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को न्यायालयीन प्रकरणों में निःशुल्क अधिवक्ता, कानूनी परामर्श तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है।

सचिव कुलदीप शर्मा ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी प्राप्त करने एवं निशुल्क सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करें।

सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पुनीत शर्मा द्वारा उदयपुर पंच गौरव विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में उदयपुर के पंच गौरव फतहसागर एवं पिछोला, मार्बल एवं ग्रेनाईट, महुआ, सीताफल एवं तैराकी को जिले का महत्वपूर्ण गौरव बताया।

उन्होंने बताया कि उदयपुर का गौरव उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक सौंदर्य, लोक कला एवं सामाजिक समरसता में निहित है।

साथ ही शिक्षा पर्यटन और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति को भी जिले का महत्वपूर्ण गौरव बताया।

समापन के अवसर पर 1000 रुपये से अधिक की खरीददारी करने वालो की लॉटरी निकाली गयी जिसमें विदुषी, बिर्जियस फातिमा, मीनू, प्रेरणा कोहटा, हेमलता, गजेन्द्र, जितेन्द्र, तरूणा लोहार, हंसा एवं अलसी कान्त भट्ट विजेता रहे एवं उन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में महिला अधिकारिता के उपनिदेशक संजय जोशी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा मेले के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उदयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, होमगार्ड आदि अन्य प्रशासनिक विभागों को भी आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### अमृता हाट मेले में लगी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्टॉल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के अध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता के




निर्देशन में एडीजे कुलदीप शर्मा द्वारा 18 से 24 फरवरी 2026 तक चलने वाले अमृता हाट मेले में स्टॉल लगवाई गई। एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि अमृता हॉट मेले में उदयपुर जिले के विभिन्न गांवो से आने वाली महिला कार्यकताओं एवं मेलार्थियों के आने की संभावना को देखते हुए मेले में आमजन को कानूनी जानकारियां प्रदान करने के लिए मेले में स्टॉल लगवाई गई। मेले में आने बाले मेलार्थियो को लीगल एड डिफैन्स काउन्सिल द्वारा एलए डी सी एस योजना, नाल्सा वीर योजना, बाल श्रम रोको अभियान, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह रोको अभियान, 100 दिनों तक चलने वाले जन उपयोगिता सेवाओं के अभियान, नाल्सा हेल्पलाईन 15100. नाल्सा पोर्टल. एन.जी.टी. एवं पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य अभियानों के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामीण क्षेत्रो में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए स्कूली बालिकाओं द्वारा नाटक मचन भी किया गया। मंच पर किये गए नाटक के माध्यम से महिला कार्यकताओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए बाल विवाह नहीं करवाने एवं बाल विवाह में शामिल नहीं करवाने की शपथ भी दिलवाई गई।

### कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** होली सहित आगामी विभिन्न धार्मिक पर्वों और जुलूसों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने आदेश जारी कर 3 मार्च से 26 मार्च तक विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के मद्देनजर कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार 3 मार्च को होली दहन, 4 मार्च को धुलंडी, 20 मार्च को जुमातुलविदा एवं चेतीचंड पर निकलने वाले जुलूस, 21 मार्च को ईदुलफितर (चांद से) तथा 26 मार्च को रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

आदेश में बताया गया कि तहसीलदार गिर्वा श्री श्याम सिंह चारण को पुलिस उप अधीक्षक नगर पूर्व के साथ गोवर्धन विलास, नाई, सवीना, हिरणमगरी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार तहसीलदार बड़गांव श्री हितेश त्रिवेदी को पुलिस उप अधीक्षक पश्चिम के साथ मादलपुरा, बड़गांव, सुखेर एवं अंबामाता थाना क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है।

तहसीलदार उदयपुर विकास प्राधिकरण श्री अभिनव शर्मा को पुलिस उप अधीक्षक गिर्वा के साथ हाथीपोल, सूरजपोल, प्रतापनगर, घंटाघर और धानमंडी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा उपखंड मजिस्ट्रेट गिर्वा, बड़गांव, गोगुंदा, झाड़ोल, कोटड़ा, ऋषभदेव, मावली, वल्लभनगर, भींडर, नयागांव एवं खेरवाड़ा को अपने-अपने उपखंड क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा होलिका दहन एवं धुलंडी पर्व के मद्देनजर यूडीए तहसीलदार रणजीत सिंह को जगदीश चौक तथा गिर्वा उपखंड कार्यालय के तहसीलदार जब्बर दान चारण को सुभाष चौराहा मल्ला तलाई क्षेत्र के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी नियुक्त अधिकारियों को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर) उदयपुर से सतत संपर्क में रहने, महत्वपूर्ण घटनाओं की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए हैं। आवश्यकतानुसार उपलब्ध संसाधनों और वाहनों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने आमजन से पर्वों को आपसी सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

### पांच वर्षीय शबरीन ने रखा पहला रोजा



**बांसवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** रमजान के पवित्र माह में रोजा रखने की चाह केवल युवा, बुजर्ग आयु वर्ग में ही सीमित नहीं है बल्कि मासूम बच्चो में भी रोजे रखने का जज्बा कायम है। इस सिलसिले को कायम रखते हुए 5 वर्ष की नन्ही शबरीन सिंधी ने अपने जीवन का पहला रोजा रखकर मिसाल कायम की है। न सिर्फ उसने रोजा रखा बल्कि नमाजें अदा कर खुशहाली की दुआएं भी मांगी। रोजा रखने पर उसे परिवारजनों ने बक्शीश देकर उसकी हौंसला अफजाई की।

## झीलों की नगरी में फिर चरम पर रहेगा खेलों का रोमांच

# 12वीं अंतसंभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 5 से 7 मार्च तक उदयपुर में

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** 12वीं अंतसंर्भागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 आगामी 5 से 7 मार्च तक उदयपुर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में बैठक आयोजित हुई। एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ एवं एडीएम सिटी जीतेन्द्र ओझा की उपस्थिति में हुई बैठक में प्रतियोगिता से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में एडीएम श्री राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 मार्च 2026 तक उदयपुर में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 850 खिलाड़ी भाग लेंगे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन, खेल मैदानों की उपलब्धता, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाओं सहित समग्र व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उद्घाटन एवं समापन समारोह, आमंत्रण, स्वागत और आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे आयोजन सफल और यादगार बने।

प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन और कबड्डी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन शहर के अलग-अलग खेल मैदानों एवं स्टेडियमों में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए आयोजन को राज्य स्तरीय मानकों के अनुरूप संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, परिवहन अधिकारी मुकेश डाड, लेखाधिकारी रमेश बाबरी, उपनिदेशक ओटीएस महेंद्र सिंह सीमर, उप निदेशक आरएससीईआरटी पीयूष कुमार जैन सहित यूडीए, नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी 25-26 फरवरी को तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पंचायत समिति मुख्यालय पर 25 एवं 26 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर सोमवार को उपखण्ड अधिकारी मावली रमेश सिरवी पुनाडिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

मावली उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार एवं जिला परिषद उदयपुर के निदेर्शानुसार 25 व 26 फरवरी को पंचायत समिति मुख्यालय पर दो दिवसीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही आमजन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए लाभान्वित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने, स्टॉल व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विकास अधिकारी पंचायत समिति मावली, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मावली, ब्लॉक परियोजना अधिकारी, राजीविका मावली के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय वन अधिकारी मावली, प्रभारी अधिकारी उद्यानिकी मावली तथा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी मावली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित, त्रैमासिक प्रगति पर हुई चर्चा




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में मंगलवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि समिति (डीएलएसी), आत्मा, उद्यान विभाग एवं अन्य कृषि योजनाओं से संबंधित विभिन्न समितियों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति, वर्तमान रबी फसलों की स्थिति तथा विभिन्न कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एडीएम ओझा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य एवं केंद्र सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र किसानों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने योजनाओं की स्वीकृतियों, लंबित प्रकरणों तथा लक्ष्य के मुकाबले उपलब्धियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए प्रगति में तेजी लाने पर जोर दिया।

कृषि विभाग संयुक्त निदेशक सुधीर वर्मा ने जिले में गेहूं, चना, सरसों सहित अन्य रबी फसलों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। फसलों की बुवाई क्षेत्र, उत्पादन संभावनाओं तथा मौसम की स्थिति को लेकर भी चर्चा की गई। एडीएम ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

आत्मा योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, किसान संगोष्ठियों एवं एक्सपोजर विजिट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि किसानों को आधुनिक खेती पद्धतियों, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, जैविक खेती तथा उद्यानिकी फसलों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उद्यान विभाग की योजनाओं के तहत फलदार पौधों के वितरण, संरक्षित खेती (पॉलीहाउस/शेडनेट), नर्सरी विकास एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने संबंधी कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

एडीएम ने कहा कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था का प्रमुख घटक है इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड विजिट बढ़ाने, समस्याओं का मौके पर समाधान करने तथा किसानों से सीधा संवाद स्थापित करने कृषि नवाचारों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कृषकों को जोड़ने एवं कृषि में रसायनों के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के दृष्टिगत प्राकृतिक एवं परम्परागत गौ आधारित तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित करने की बात कही। बैठक में कृषि, उद्यान, आत्मा एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत समिति स्तर पर पंच गौरव मेला व प्रदर्शनी बुधवार से, तैयारियां पूर्ण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू की गई पंच गौरव योजना के तहत आमजन को पंच गौरव की महत्ता से रूबरू कराने तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अब पंचायत समिति स्तर पर पंच गौरव मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उदयपुर जिले में पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर 25 एवं 26 फरवरी को सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर पंच गौरव मेला व प्रदर्शनी आयोजित होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रिया डाबी के मार्गदर्शन में होने वाले पंच गौरव मेले को लेकर पंचायत समिति स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं।



पंच गौरव सदस्य सचिव पुनीत शर्मा ने बताया कि पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी में एक जिला एक उत्पाद-मार्बल एवं ग्रेनाइट, एक जिला एक उपज-सीताफल, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति-महुआ, एक जिला एक खेल-तैराकी, एक जिला एक पर्यटन स्थल-फतेहसागर एवं पिछोला के समग्र विकास एवं संरक्षण की अवधारणा को केंद्र में रखकर प्रदर्शनी और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मेले एवं प्रदर्शनी में चयनित पंच गौरव की विशेष जानकारी प्रदर्शित करने हेतु विकास अधिकारियों द्वारा संबंधित पंच गौरव विभागों को पंच गौरव स्टॉल का आवंटन किया जाएगा जिसमें संबंधित पंच गौरव विभागों द्वारा विभिन्न प्रचार प्रसार सामग्री का प्रदर्शन कर आमजन को चयनित पंच गौरव के बारे में समग्र जानकारी प्रदान की जाएगी।

आयोजन के दौरान स्थानीय कारीगरों, स्थानीय स्वयं सहायता समूह, महिला समूहों और किसानों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की व्यवस्था भी रहेगी। इससे ग्रामीण उत्पादों को बाजार मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबुती मिलेगी। साथ ही कृषि, उद्यानिकी, वानिकी एवं अन्य विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा।

मेले मे सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन तथा युवाओं के लिए प्रेरक गतिविधिया भी आयोजित की जाएगी। पंच गौरव मेला न केवल जिले की विशिष्ट पहचान को उजागर करेगा, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, पर्यटन, खेल और सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा देगा एवं जिले में विशिष्ट महत्व के उत्पादों को पहचान दिलाएगा। यह आयोजन क्षेत्र की समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## राजसमंद को साइबर डिजिटल साक्षर बनाने की पहल, रेलमगरा तहसील में कार्यशाला आयोजित

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की पहल पर जिले को साइबर डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के उद्देश्य से राजकीय कार्यालयों में साइबर जागरूकता एवं साइबर स्वच्छता कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रेलमगरा तहसील कार्यालय में साइबर पुलिस थाना द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ प्रोग्रामर खैरूल वसीम ने तहसीलदार कालू सिंह की उपस्थिति में किया। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में डिजिटल उपकरणों के उपयोग के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्राउजर में यूजरनेम और पासवर्ड सुरक्षित रखना, एंटीवायरस अपडेट रखना, अधिकृत सॉफ्टवेयर का उपयोग करना और मजबूत पासवर्ड रखना अत्यंत आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि लापरवाही के कारण संवेदनशील सरकारी डाटा साइबर अपराधियों के निशाने पर आ सकता है। अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर स्वच्छता की आदतें अपनाने तथा व्यक्तिगत और सरकारी डाटा की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

कार्यशाला में डिजिटल सुरक्षा उपायों, मोबाइल सेटिंग्स, डाटा संरक्षण तथा साइबर अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में तहसील कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।